11 फरवरी, 2026

विधान परिषद् के प्रथम सत्र (2026) का प्रथम बुधवार

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 29-1-2026 |
| *2 | 29-1-2026 |
| *3 | 30-1-2026 |
| *4 | 31-1-2026 |
| *5 | 31-1-2026 |
| *6 | 31-1-2026 |
| *7 | 31-1-2026 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 29-1-2026 |
| 2 | 31-1-2026 |

# नत्थी ‘क’

बुधवार, दिनांक 11 फरवरी, सन् 2026 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### प्रदेश में स्थाई तौर पर कम से कम एक वर्ष में कितने नवयुवकों को रोजगार प्राप्त हुये हैं, के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव
1

*1-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में स्थाई तौर पर कम से कम एक वर्ष का रोजगार में कितने नवयुवकों को दिनांक 01 जनवरी, 2025 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 के मध्य प्राप्त कराया गया है ?

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री

### रोजगार संगम पोर्टल एवं आयोजित रोजगार मेलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य के आरक्षण हेतु निर्धारित कोटे के सम्बन्ध में

श्री आशुतोष सिन्हा
2

*2-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि रोजगार संगम पोर्टल एवं आयोजित रोजगार मेलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों हेतु आरक्षण अथवा प्राथमिकता की क्या व्यवस्था है ?

(ख) यदि हाँ, तो इसकी रूप-रेखा एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोटा प्रतिशत क्या है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री

### जनपद-सिद्धार्थनगर में कारागारों में बन्दी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>3 | *3-(क) क्या कारागार मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के कारागारों में शैक्षिक कार्यक्रम भी संचालित किये जाते हैं ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद् एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था की परीक्षा वर्ष 2023-24 से लेकर 2024-25 तक कितने बन्दी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्कूल में क्रमवार कितने उत्तीर्ण हुए ?<br>(ग) क्या हाई स्कूल बन्दी परीक्षार्थी में से इण्टर कक्षाओं में पंजीकृत होने वाले परीक्षार्थियों की क्रमवार संख्या कितनी है ?<br>(घ) क्या ऐसे बन्दियों को परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराने की व्यवस्था है ?<br>(ङ) क्या जिला कारागार सिद्धार्थनगर में बन्दी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | कारागार मंत्री |

### परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु एजेंटों द्वारा अवैध रूप से लाइसेंस शुल्क वसूलने के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>4 | *4-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि परिवहन विभाग में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का सरकारी शुल्क लगभग 1350 रुपए है, किन्तु एजेंट द्वारा पब्लिक से 20 से 25 हजार रुपये तक लाइसेंस शुल्क वसूला जा रहा है, जिसे लेकर आम-जनता परेशान है ?<br>(ख) उक्त अनियमितता के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही हो सके ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन राज्य मंत्री<br>(स्वतंत्र प्रभार) |

### श्रम एवं सेवायोजन विभाग में अनुदेशकों की पदोन्नति के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>5 | *5-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि द्वितीय सत्र दिनांक 13 अगस्त, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या-8 के उत्तर के क्रम में जाँच समिति बनाकर जाँच कराये जाने के आदेश दिये गये थे ? | श्रम एवं सेवायोजन<br>मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो जाँच प्रगति एवं रिपोर्ट का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) क्या श्रम एवं सेवायोजन विभाग में 25 वर्षों से कार्यरत अनुदेशकों की सहायक सेवायोजन अधिकारी पद पर पदोन्नति वर्ष 2004 से लम्बित है तथा 2019 की नई नियमावली प्राकृतिक न्याय के विपरीत पूर्व नियुक्त अनुदेशकों पर लागू की जा रही है ?

(घ) क्या निदेशक, सेवायोजन निदेशालय द्वारा प्रमुख सचिव को प्रेषित पदोन्नति प्रस्ताव एवं पूर्व निदेशक के दिनाँक 19 अगस्त, 2014 के पत्रांक सं0-1152/ई-1/0302/पुनर्गठन/2010 पर तत्काल निर्णय लेकर पुरानी नियमावली के आधार पर पदोन्नति पूरी की जाएगी ?

(ङ) क्या पूर्व नियुक्त अनुदेशकों पर नई नियमावली थोपना बन्द कर उनके वैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगे ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
6

*6-[अन्तरित]

**जनपद-झाँसी व प्रयागराज में नये बस अड्डे का निर्माण के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव
7

*7-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि झाँसी व प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत 01 जनवरी, 2020 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 के मध्य किसी नये बस अड्डे का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव या लक्ष्य था ?

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

## अतारांकित प्रश्न

श्री पवन कुमार सिंह
1

1-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में नगर पालिका बिसवां-लखनऊ बस अड्डे पर पुरुष तथा महिला प्रसाधन की समुचित व्यवस्था न होने से यात्रियों को विशेषकर महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है ?

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निराकरण हेतु बस अड्डे पर पुरुष प्रसाधन तथा महिला प्रसाधन का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>2 | 2-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-रायबरेली में ग्राम सहरी कौड़ी, पो0-कृष्णपुर ताला में कितनी निराश्रित विधवा हैं तथा उनमें से आरती पत्नी स्व0 छोटे लाल व अन्य निराश्रित विधवाओं के गरीबी रेखा के नीचे राशन कार्ड बने हैं ? | मुख्य मंत्री |

(ख) यदि नहीं बने हैं तो कब तक निराश्रित विधवाओं के गरीबी रेखा के नीचे के कार्ड बनवायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?